Series : KN5ML

SET-3

प्रश्न-पत्र कोड **3/5/3**

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

{}

नोट :

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (अ)
HINDI (A)

निर्धारित समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 80*

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **15** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खंड हैं – **खंड-क, ख, ग, घ** ।*

(iii) ***खंड-क** में कुल **2** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **10** है ।*

(iv) ***खंड-ख** में कुल **4** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **20** है ।*

(v) ***खंड-ग** में कुल **5** प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या **21** है ।*

(vi) ***खंड-घ** में कुल **4** प्रश्न हैं ।*

(vii) *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है, यद्यपि, कुछ खंडों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

(viii) *यथासंभव **सभी** खंडों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

खंड – क

(अपठित बोध) **(14)**

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

भारत में कहानियों की सुदृढ़ परंपरा रही है । कहानियाँ आनंद प्रदान करने के साथ-साथ, बच्चों के चिंतन को विस्तार देती हैं, उनमें कल्पनाशीलता जगाती हैं तथा उनके समझ के क्षितिज को विस्तृत करती हैं । पंचतंत्र तथा जातक कथाएँ हज़ारों साल से हमारे समाज में लोकप्रिय रही हैं । पंडित विष्णु शर्मा रचित पंचतंत्र की गिनती दुनिया की श्रेष्ठतम बाल कथाओं में की जाती है । इन कथाओं में नैतिक मूल्य निहित हैं । आज दुनियाभर के शिक्षाशास्त्री तथा बाल-मनोविज्ञानी इस बात को स्वीकार करते हैं कि बच्चों के कल्पना जगत में पशु-पक्षियों का अप्रतिम स्थान होता है । वे स्वाभाविक रूप से इनकी ओर आकृष्ट रहते हैं । जानवरों की दुनिया में उनमें रुचि, कौतूहल तथा

जिज्ञासा होती है । पंचतंत्र की कहानियों में पशु-पक्षियों में उसी तरह से संवाद होता है जैसे कि मानव समाज में होता है । इन कहानियों के माध्यम से सच्चाई, त्याग, क्षमा, करुणा, स्नेह जैसे मानवीय मूल्यों को संप्रेषित करने की कोशिश की गई है । ये सभी मूल्य मानव समाज के लिए नितांत जरूरी हैं । इन कथाओं के माध्यम से वास्तव में बालमन में जीवन मूल्यों का बीजारोपण होता है ।

पंचतंत्र की कहानियाँ पाँच खंडों में विभक्त हैं, जिन्हें तंत्र कहा गया है । पाँच तंत्रों के समावेश के कारण इन्हें पंचतंत्र कहा गया । आज से करीब दो हज़ार साल पहले लिखी गयी पंचतंत्र की कहानियाँ कालजयी हैं । माना जाता है कि यह दुनिया की सर्वाधिक भाषाओं में अनूदित भारतीय साहित्य है । हमारे देश में विद्यालयीन स्तर पर हिन्दी, संस्कृत तथा अंग्रेजी की किताबों में ये कहानियाँ हमेशा से पाठ्यक्रम का हिस्सा रही हैं । दुनिया के अन्य देशों में भी इन कहानियों को उतना ही आदर प्राप्त है, जितना हमारे देश में है ।

(i) पंचतंत्र और जातक कथाओं की समाज में लोकप्रियता का आधार है - **1**

(A) सहज सरल भाषा में जीवन-मूल्य संप्रेषित करना

(B) पशु-पक्षियों के माध्यम से जीवन-मूल्य संप्रेषित करना

(C) बच्चों और बड़ों को आनंद प्रदान करना

(D) बाल मनोविज्ञान का सुंदर चित्रण करना

(ii) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए : **1**

कथन : पंचतंत्र की कहानियों को दुनिया के अनेक देशों में आदर प्राप्त हैं ।

कारण : पंचतंत्र की कहानियों के माध्यम से सच्चाई, त्याग, क्षमा, करुणा, स्नेह जैसे जीवन-मूल्यों को संप्रेषित करने की कोशिश की गई है ।

विकल्प :

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(iii) 'बच्चों के मानसिक विकास के लिए कहानियों का महत्त्वपूर्ण स्थान है ।' – इस कथन के समर्थन में उचित विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(I) बच्चों की चिंतन क्षमता का विकास होता है ।

(II) बच्चों का शारीरिक विकास होता है ।

(III) बच्चों की कल्पना शक्ति का विकास होता है ।

(IV) बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास होता है ।

विकल्प :

(A) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) कथन (I), (III) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल कथन (IV) सही है ।

(iv) पशु-पक्षियों की कहानियाँ बच्चों को क्यों लुभाती हैं ? **2**

(v) 'आज से करीब दो हज़ार साल पहले लिखी गयी पंचतंत्र की कहानियाँ कालजयी हैं' – पंक्ति का क्या आशय है ? **2**

2. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

तुम्हें पता है ?

धरती माँ की काया यों तो
कोरा पत्थर है, माटी है ।
ऊँचे पर्वत जैसा माथा
गहरे मन जैसी घाटी है
समतल ये मैदान कि जैसे गोद हमारी माता की है
दूध धार–सी नदियाँ हैं ।
माणिक मोती जैसे रत्नों की मंजूषा है फैला सागर ।
पर क्या तुमने इस काया के बंजर देखे ?
भुनती तपती रेत भभकती भट्टी जैसी ?
तुमने मुझे जहाँ से काटा,
खोदा और उखाड़ा जड़ से
वंशनाश कर मुझे मिटाया ।
अब बोलो, कैसे लगता है ?
वहाँ कभी रहने बसने को मन करता है
उस बंजर में – उस मरुस्थल में ?
रुको, रुको सोचो, क्षण भर रुको ।
मैं अपनी धरती माता का रक्षा–कवच
वृक्ष हूँ भाई ! मुझे न काटो
मैं तुम्हारा वृक्षमित्र हूँ ।

(i) इस कविता का वर्ण्य विषय क्या है ? **1**

(A) देश–प्रेम

(B) प्रकृति–प्रेम

(C) मरुस्थल

(D) धरती माँ

(ii) उपर्युक्त कविता हमें धरती के प्रति कैसी भावना रखने के लिए प्रेरित करती है ? इस प्रश्न के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(I) सम्मान की भावना

(II) कृतज्ञता की भावना

(III) रक्षा की भावना

(IV) परोपकार की भावना

विकल्प :

(A) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) कथन (I), (III) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल कथन (IV) सही है ।

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए : **1**

कथन : रत्नों की मंजूषा है फैला सागर ।

कारण : सागर न केवल पानी का विशाल स्रोत है, बल्कि यह भोजन, खनिज, रत्न, ऊर्जा और परिवहन का भी एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है ।

विकल्प :

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।



(iv) 'धरती माँ की काया यों तो, कोरा पत्थर है, माटी है' – पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए । **2**

(v) धरती माँ का कवच किसे और क्यों कहा गया है ? **2**

खंड – ख

(व्यावहारिक व्याकरण) **(16)**

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) दो दिन लगातार वर्षा हुई और सर्वत्र पानी भर गया । (सरल वाक्य में बदलिए)

(ii) बच्चों के शोर मचाने पर पक्षी उड़ गए । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(iii) महात्माजी का प्रभावपूर्ण प्रवचन सुनकर लोग नतमस्तक हो गए । (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(iv) जो अपने आस-पास सफ़ाई रखते हैं, वे सदा स्वस्थ रहते हैं । (वाक्य-भेद लिखिए)

(v) जिस छात्र ने सबसे अधिक परिश्रम किया था, वही प्रथम आया है । (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) माता-पिता ने उसको अच्छे संस्कार देने का प्रयास किया । (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ii) किसके द्वारा घड़ी चुराई गई थी ? (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(iii) वह दौड़ नहीं सकता । (भाववाच्य में बदलिए)

(iv) उस बेचारी से तो बैठा भी नहीं जाता । (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए)

(v) सुमन ने अच्छी कविता लिखी है । (कर्मवाच्य में बदलिए)

5. निर्देशानुसार 'पद-परिचय' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) भारतीय सैनिक रणक्षेत्र में वीरता दिखाते हैं ।

(ii) गंगा का पानी प्रदूषित हो रहा है ।

(iii) शुक्ल पक्ष में चाँद निरंतर बढ़ता है ।

(iv) लड़के सवेरे व्यायाम करने चले गए ।

(v) वाह ! तुमने 'ए' ग्रेड प्राप्त किया ।

6. निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित **पाँच** प्रश्नों में से **किन्हीं चार** प्रश्नों की रेखांकित काव्य-पंक्तियों में अलंकार पहचानकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) मानों झूम रहे हैं तरु भी मंद पवन के झोकों से ।

(ii) जो नत हुआ, वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झरकर कुसुम ।

(iii) हाय ! फूल-सी कोमल बच्ची हुई राख की ढेरी ।

(iv) पंखुरी लगे गुलाब की, परि है गात खरौंट ।।

(v) एक राम घनस्याम हित चातक तुलसीदास ।।

खंड – ग

(पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पाठ्य-पुस्तक) **(30)**

7. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की ।
सीवन को उधेड़ कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की ?
छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ ?
क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ ?
सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्मकथा ?
अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा ।

(i) 'उसकी स्मृति पाथेय बनी है' पंक्ति में कवि ने किसकी स्मृति को अपना 'पाथेय' बनाया है ?

(A) अपनी आत्मकथा को ।

(B) अपने मित्रों की यादों को ।

(C) अपनी परिवार की यादों को ।

(D) अपनी प्रेयसी की यादों को ।

(ii) 'कंथा' शब्द का प्रयोग कवि ने किसके लिए किया है ?

(A) कठिनाइयों के लिए

(B) पत्नी के लिए

(C) अंतर्मन के लिए

(D) अपने जीवन के लिए

(iii) कवि अपनी व्यथा को मौन ही रखना चाहता है, क्यों ? इस प्रश्न के उत्तर के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –

(I) व्यथा जागेगी तो पीड़ा पहुँचाएगी ।

(II) दुखद अतीत को याद कर और दुखी नहीं होना चाहते ।

(III) अपने जीवन में कोई महान उपलब्धि नही प्राप्त की ।

(IV) वे दूसरों की आत्मकथा को महत्त्व देना चाहते हैं ।

विकल्प :

(A) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) कथन (I), (II) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल कथन (IV) सही है ।

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए :

कथन : कवि ने अपने जीवन को बहुत छोटा कहा है ।

कारण : स्वभाव की विनम्रता के कारण वह अपने जीवन को साधारण मानते थे ।

विकल्प :

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।

(v) 'छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ' – इस पंक्ति से जयशंकर प्रसाद के स्वभाव के बारे में क्या पता चलता है ?

(A) वे बहुत बड़े साहित्यकार नहीं थे ।

(B) वे बहुत सरल थे, उनको अहंकार नहीं था ।

(C) वे बहुत कम उम्र के कवि थे ।

(D) उन्होंने साहित्य जगत में अभी प्रवेश किया था ।

8. निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में दीजिए : **3 × 2 = 6**

(i) गोपियाँ उद्धव की बातें सुनकर निराश क्यों हो गईं ? 'सूरदास के पद' के आधार पर लिखिए ।

(ii) 'राम–लक्ष्मण–परशुराम संवाद' में लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या विशेषताएँ बतलाई हैं ?

(iii) 'उत्साह' कविता में कवि ने बादलों से गरजने का आह्वान क्यों किया है ? स्पष्ट कीजिए ।

(iv) 'संगतकार' शब्द का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसकी भूमिका पर कविता के संदर्भ में प्रकाश डालिए ।



9. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

यों खेलने को हमने भाइयों के साथ गिल्ली-डंडा भी खेला और पतंग उड़ाने, काँच पीसकर माँजा सूतने का काम भी किया, लेकिन उनकी गतिविधियों का दायरा घर के बाहर ही अधिक रहता था और हमारी सीमा थी घर । हाँ, इतना ज़रूर था कि उस ज़माने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं, बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं । इसलिए मोहल्ले के किसी भी घर में जाने पर कोई पाबंदी नहीं थी, बल्कि कुछ घर तो परिवार का हिस्सा ही थे । आज तो मुझे बड़ी शिद्दत के साथ यह महसूस होता है कि अपनी ज़िंदगी खुद जीने के इस आधुनिक दबाव ने महानगरों के फ्लैट में रहने वालों को हमारे इस परंपरागत 'पड़ोस कल्चर' से विच्छिन्न करके हमें कितना संकुचित, असहाय और असुरक्षित बना दिया है ।

(i) लेखिका के भाइयों की गतिविधियों का दायरा घर के बाहर था, क्योंकि –

(A) उनकी गतिविधियाँ घर में संपन्न नहीं हो सकती थीं ।

(B) पतंग और गिल्ली-डंडा का खेल घर से बाहर का था ।

(C) घर से बाहर उनकी गतिविधियों पर कोई नियंत्रण नहीं था ।

(D) पारिवारिक परंपरा के अनुसार लड़कों को बाहर खेलने की स्वतंत्रता थी ।

(ii) लेखिका की गतिविधियों की सीमा घर तक ही क्यों थी ?

(A) वे डरपोक स्वभाव के कारण घर की सीमा में ही रहती थीं ।

(B) घर से बाहर के खेल उन्हें पसंद नहीं थे ।

(C) पिताजी को लड़कियों का घर से बाहर निकलना नापसंद था ।

(D) लड़कियों के लिए उस समय घर के बाहर की दुनिया सीमित थी ।

(iii) 'पड़ोस कल्चर' के न पनपने का कारण है –इस कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –

(I) अपनी ज़िंदगी खुद जीने का आधुनिक दबाव

(II) फ़्लैटों में रहने की विवशता

(III) स्वार्थी मनोवृत्ति का प्रभुत्व

(IV) बौद्धिकता की प्रबलता

विकल्प :

(A) कथन (I) और (II) सही हैं ।

(B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं ।

(C) कथन (I), (III) और (IV) सही हैं ।

(D) केवल कथन (IV) सही है ।

(iv) परंपरागत 'पड़ोस कल्चर' के विच्छिन्न होने के दुष्परिणाम हैं –

(A) स्वार्थ भाव प्रबल हो गया है ।

(B) हम संकुचित और असहाय हो गए हैं ।

(C) पारस्परिक प्रेमभाव कमज़ोर पड़ रहा है ।

(D) हम फ़्लैटों में रहने लगे हैं ।

(v) निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन करके लिखिए :

कथन : उस जमाने में घर की दीवारें घर तक ही समाप्त नहीं हो जाती थीं, बल्कि पूरे मोहल्ले तक फैली रहती थीं ।

कारण : आपसी प्रेमभाव के कारण पूरे मोहल्ले में पारिवारिक संबंध थे ।

विकल्प :

(A) कथन ग़लत है, किंतु कारण सही है ।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं ।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है ।

(D) कथन सही है, किंतु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है ।



10. निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित **चार** प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

(i) नेताजी की प्रतिमा पर कैसा चश्मा लगा था ? प्रतिमा वाले पत्थर का चश्मा न लगा होने के कारणों को पठित पाठ के आधार पर लिखिए ।

(ii) 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर लिखिए कि संगीत के कार्यक्रम में भगत और उनकी मंडली किन-किन वाद्य यंत्रों को बजाया करती थी और उनके वादन-गायन की गति कैसी होती थी ?

(iii) 'लखनवी अंदाज़' कहानी के पात्र नवाब साहब के व्यवहार पर आप अपने विचार लिखिए ।

(iv) 'नौबतखाने में इबादत' पाठ में बिस्मिल्ला खाँ की तुलना कस्तूरी मृग से क्यों की गई है ?

11. पूरक पाठ्य-पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में लिखिए : **2 × 4 = 8**

(i) साँप को देखने के बाद भयभीत भोलानाथ का अपनी माँ के आँचल में छिपने का क्या कारण रहा होगा ? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लिखिए । संकट के समय आप किसके पास जाते हैं और क्यों ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(ii) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ की लेखिका को कुटिया के भीतर घूमते चक्र को देखकर किस प्रकार की अनुभूति हुई ?

(iii) लेखक की आभ्यांतर विवशता क्या होती है ? आंतरिक विवशता के अतिरिक्त लेखन कर्म करने के बाहरी कारकों का उल्लेख कीजिए । 'मैं क्यों लिखता हूँ' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए ।

खंड – घ

(रचनात्मक लेखन) (20)

12. (i) स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके प्रचार के लिए सरकार की ओर से लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **1 × 4 = 4**

अथवा

(ii) आप रजनी/राजेश हैं । आपके मित्र को तीरंदाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ है । आप उसे बधाई देते हुए लगभग **40** शब्दों में एक बधाई एवं शुभकामना संदेश लिखिए ।

13. निम्नलिखित **तीन** विषयों में से किसी **एक** विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **1 × 6 = 6**

(i) साइबर सुरक्षा : जागरूकता ही समाधान

- साइबर सुरक्षा का अर्थ
- वर्तमान में चर्चा का कारण
- जागरूकता का प्रभाव

(ii) स्वस्थ जीवन–शैली

- स्वस्थ जीवन–शैली की आवश्यकता
- स्वस्थ आदतें जिनका पालन किया जाना चाहिए
- स्वस्थ जीवन–शैली के लाभ

(iii) एक यादगार पारिवारिक अवकाश

- कैसे मनाया ?
- यादगार क्यों है ?
- पारिवारिक अवकाश का महत्त्व

14. (i) आप श्रेया/श्रेयस हैं । विवाह-शादियों में हो रहे अनावश्यक खर्चों की रोकथाम के लिए जागृति फैलाने हेतु किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए । **1 × 5 = 5**

अथवा

(ii) आप श्रेया/श्रेयस हैं । आपने छुट्टियों में देहरादून और उसके आसपास के भ्रमण का आनंद उठाया । इस कार्य में देहरादून में रहने वाले आपके मित्र/सहेली ने आपको पहाड़ी स्थलों को दिखाया और पहाड़ी संस्कृति से भी परिचय कराया । उसे धन्यवाद देते हुए लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए ।

15. (i) आप रजनी/राजन हैं । आपने बी.बी.ए. किया है । साथ ही किसी प्रतिष्ठित संस्थान से प्रबंधन में एम.बी.ए. भी किया है । अ.ब.स. कंपनी में प्रबंधक (मैनेजर) का पद रिक्त है । आप उस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं । इसके लिए लगभग **80** शब्दों में अपना एक स्ववृत्त लेख तैयार कीजिए । **1 × 5 = 5**

अथवा

(ii) आप रजनी/राजन हैं । आपने ऑनलाइन कुछ पुस्तकें मँगवाईं थीं, लेकिन पुस्तकें आपके ऑर्डर के अनुरूप नहीं आईं हैं । इसकी शिकायत करते हुए प्रबंधक महोदय को लगभग **80** शब्दों में एक ई-मेल लिखिए ।

अंकन योजना
अत्यंत गोपनीय (केवल आंतरिक और सीमित प्रयोग हेतु)
सेकेंडरी स्कूल परीक्षा 2026
कक्षा- 10 वीं हिंदी (A), कोड- 002
प्रश्न पत्र कोड 3/5/3

सामान्य निर्देश:

1.आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी सी भूल भी गंभीर समस्याओं को जन्म दे सकती है जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा व्यवस्था और अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। गलतियों से बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है। आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन और कई अन्य पहलुओं से संबंधित होने की वजह से मूल्यांकन की गोपनीयता अनिवार्य है। किसी भी प्रकार से इसके सार्वजनिक होने या 'लीक' होने पर परीक्षा व्यवस्था पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है जिससे लाखों उम्मीदवारों का जीवन और भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस नीति/दस्तावेज को किसी से भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत कार्रवाई को आमंत्रित कर सकता है।

3. मूल्यांकन अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंकन योजना का अनुपालन समग्रतापूर्वक और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय, जो उत्तर नवीनतम जानकारी या ज्ञान पर आधारित या अभिनव हैं (innovative), उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जा सकते हैं। कक्षा दसवीं के प्रश्न पत्र में दिए गए दो दक्षता आधारित (competency based) प्रश्नों का मूल्यांकन करने में कृपया विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए उत्तर चाहे अंकन योजना में दिए गए उत्तर से मेल न खाते हों, तब भी यदि उन्होंने सही दक्षताओं को व्यक्त किया हो तो उन्हें उचित अंक दिए जाने चाहिए।

4. अंकन योजना में उत्तरों के लिए केवल बिंदु सुझाए जाते हैं। ये बिंदु प्रकृति में केवल दिशानिर्देशों की भाँति होते हैं और पूरे उत्तर का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। विद्यार्थी अपनी शैली में उत्तर दे सकते हैं और यदि उनकी अभिव्यक्ति सही है, तो उसके अनुसार उचित अंक दिए जाने चाहिए।

5. अंकन योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया गया है, यह सुनिश्चित करने के लिए मुख्य परीक्षक पहले दिन प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता द्वारा जाँची गई पहली पाँच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें। यदि कोई अंतर है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद वह समाप्त /शून्य हो जाना चाहिए। परीक्षकों को मूल्यांकन के लिए शेष उत्तरपुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब मुख्य परीक्षक आश्वस्त हो कि मूल्यांकनकर्ताओं के अंकन में बहुत अधिक भिन्नता नहीं है।

6. मूल्यांकनकर्ता सही उत्तर पर सही का निशान (✓) लगाएँ। गलत उत्तर के लिए गलत का चिह्न (x) लगाएँ। मूल्यांकनकर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा लगता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए हैं। यह मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा की जाने वाली सबसे आम गलती है।

7. यदि किसी प्रश्न के उपभाग भी हों, तो कृपया प्रश्नों के प्रत्येक उपभाग के उत्तर पर **दाईं** ओर अंक दिए जाएँ। बाद में, उस प्रश्न के सभी उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

8. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो, तो **बाईं** ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

9. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी एक को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उन्हीं पर अंक दें और अन्य उत्तर को काटकर उस पर 'अतिरिक्त प्रश्न' लिख दें।

10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो हर बार उसके अंक न काटें। एक जैसी त्रुटि के लिए अंक एक बार ही काटे जाएँ।

11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0-80 (उदाहरण के लिए प्रश्न-पत्र में दिए अधिकतम अंकों के अनुसार 0 से 80/70/60/50/40/30 अंक) का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 80 अंक देने में संकोच न करें।

12. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता को पूर्ण कार्य अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है और प्रतिदिन मुख्य विषयों की 20 उत्तर पुस्तिकाएँ तथा अन्य विषयों की 25 उत्तर पुस्तिकाएँ जाँचनी हैं। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

13. नीचे कुछ सामान्य त्रुटियों की सूची दी गई है जिन्हें पिछले वर्षों में मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता रहा है। यह सुनिश्चित करें कि आप इस प्रकार की त्रुटियाँ न करें–

- उत्तरपुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक दे देना
- उत्तर के लिए दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तरपुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- आवरण पृष्ठ पर दो कॉलम के अंकों का योग करने में अशुद्धि
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- प्राप्तांकों को संख्याओं और शब्दों में लिखने में अंतर होना
- उत्तरपुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- उत्तरों पर सही का चिह्न (✓) लगाना किंतु अंक न देना। (सुनिश्चित करें कि (✓) या (x) का उपयुक्त चिह्न ठीक ढंग से और स्पष्ट रूप से लगा हो। यह मात्र एक रेखा के रूप में न हो)
- उत्तर का एक भाग सही और बाकी गलत हो किंतु कोई अंक न दिए गए हों।

14. उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते हुए, यदि कोई उत्तर पूर्ण रूप से गलत हो तो उस पर (x) निशान लगाएँ और शून्य (0) अंक दें।

15. उत्तरपुस्तिका पर किसी प्रश्न का बिना जाँच किए छूट जाना, मुख्य पृष्ठ पर अंतरण न होना या प्राप्तांकों के योग में किसी त्रुटि का पता लगना मूल्यांकन कार्य से जुड़े सभी लोगों की छवि को और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद की प्रतिष्ठा को धूमिल करता है। इसलिए, सभी की प्रतिष्ठा को बनाए रखने के लिए यह फिर से दोहराया जाता है कि निर्देशों का सावधानीपूर्वक और विवेकपूर्ण तरीके से पालन किया जाए।

16. सभी मूल्यांकनकर्ता वास्तविक मूल्यांकन कार्य प्रारंभ करने से पहले 'स्पॉट इवैल्यूएशन' के निर्देशों से सुपरिचित अवश्य हो जाएँ।

17. प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता सुनिश्चित करे कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जा चुका है, आवरण पृष्ठ पर तथा योग में कोई अशुद्धि नहीं रह गई है तथा कुल योग को शब्दों और अंकों में लिखा गया है।

18. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षार्थियों के अनुरोध पर निर्धारित शुल्क भुगतान के बाद उन्हें उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो कॉपी प्राप्त करने की अनुमति देती है। सभी मूल्यांकनकर्ताओं /अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ प्रधान परीक्षकों को एक बार फिर याद दिलाया जाता है कि वे सुनिश्चित करें कि प्रत्येक उत्तर का मूल्यांकन अंक योजना में दिए गए मूल्य बिंदुओं के अनुसार ही किया जाए।

अंकन योजना मार्च, 2026

प्रश्न पत्र कोड: 3/5/3

विषय: हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') **विषय कोड 002** **कक्षा – दसवीं**

प्रश्न संख्या	उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु	अंक
	[खंड - क] (अपठित बोध)	**14**
1.	अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	7
(i)	(B) पशु-पक्षियों के माध्यम से जीवन-मूल्य संप्रेषित करना	1
(ii)	(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है।	1
(iii)	(C) कथन (I), (III) और (IV) सही हैं।	1
(iv)	परीक्षार्थी गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर **दो** उपयुक्त बिंदुओं में उत्तर लिखेंगे- • बच्चों के कल्पना जगत में पशु-पक्षियों का विशेष स्थान • बच्चों में पशु-पक्षियों की दुनिया के प्रति रुचि, कौतूहल तथा जिज्ञासा • पशु-पक्षियों के बीच मनुष्यों की तरह होने वाले संवाद से आनंद की अनुभूति * दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) --- * प्रश्न के संदर्भ में गद्यांश से संबंधित थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(v)	परीक्षार्थी दी गई पंक्ति का उपयुक्त आशय लिखेंगे- पंचतंत्र की कहानियाँ अपनी प्रासंगिकता और महत्त्व को आज भी बनाए हुए हैं; मानो इन्होंने समय पर विजय प्राप्त कर ली है। * पर्याप्त विस्तार सहित उपयुक्त आशय लिखने पर (2 अंक) --- * संक्षेप में उपयुक्त आशय लिखने पर (1 अंक) ---	2

	* गद्यांश से इस प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
2.	अपठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	7
(i)	(D) धरती माँ	1
(ii)	(B) कथन (I), (II) और (III) सही हैं।	1
(iii)	(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है।	1
(iv)	परीक्षार्थी उपयुक्त आशय स्पष्ट करेंगे - धरती मिट्टी और पत्थर से बना मात्र एक भौगोलिक स्वरूप नहीं है, बल्कि जीवन का आधार है। * पर्याप्त विस्तार सहित उपयुक्त आशय लिखने पर (2 अंक) --- * संक्षेप में उपयुक्त आशय लिखने पर (1 अंक) --- * काव्यांश से इस प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(v)	परीक्षार्थी काव्यांश के आधार पर **एक** कारण सहित उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- वृक्षों को; **<u>कारण</u>**- • धरती को बंजर और मरुस्थल बनने से बचाना • जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करना • धरती को शीतलता व सौंदर्य प्रदान करना (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * केवल पहले **अथवा** दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * काव्यांश से इस प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
	[खंड - ख] (व्यावहारिक व्याकरण)	**16**

3.	'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	4
(i)	दो दिन लगातार वर्षा होने से सर्वत्र पानी भर गया।/ दो दिन लगातार वर्षा होने पर सर्वत्र पानी भर गया।	1
(ii)	बच्चों ने शोर मचाया और पक्षी उड़ गए।/ बच्चों ने शोर मचाया इसलिए पक्षी उड़ गए।	1
(iii)	जब लोगों ने महात्माजी का प्रभावपूर्ण प्रवचन सुना, तब वे नतमस्तक हो गए।/ महात्माजी का प्रवचन इतना प्रभावपूर्ण था कि सुनकर लोग नतमस्तक हो गए।/ लोग नतमस्तक हो गए क्योंकि उन्होंने महात्माजी का प्रभावपूर्ण प्रवचन सुना।	1
(iv)	मिश्र/मिश्रित वाक्य	1
(v)	विशेषण आश्रित उपवाक्य	1
4.	'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	4
(i)	माता-पिता द्वारा/ के द्वारा उसको अच्छे संस्कार देने का प्रयास किया गया।	1
(ii)	किसने घड़ी चुराई थी?	1
(iii)	उससे दौड़ा नहीं जाता।	1
(iv)	भाववाच्य	1
(v)	सुमन द्वारा/ के द्वारा अच्छी कविता लिखी गई है।	1
5.	'पद-परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के लिए **सही व्याकरणिक कोटि** के साथ कोई **एक अन्य बिंदु** अपेक्षित :	4
(i)	**भारतीय**- विशेषण, गुणवाचक, 'सैनिक' विशेष्य, पुल्लिंग, बहुवचन	½+½=1
(ii)	**गंगा**- संज्ञा, व्यक्तिवाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, संबंध कारक	½+½=1
(iii)	**बढ़ता है**- क्रिया, अकर्मक, वर्तमान काल, पुल्लिंग, एकवचन	½+½=1

(iv)	**सवेरे**- अव्यय, क्रियाविशेषण, कालवाचक, 'चले गए' क्रिया की विशेषता	½+½=1
(v)	**वाह!**- अव्यय, विस्मयादिबोधक, प्रशंसा/ हर्षसूचक	½+½=1
6.	'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	4
(i)	मानवीकरण अलंकार	1
(ii)	उपमा अलंकार (टिप्पणी : पंक्ति में 'ज्यों' का प्रयोग 'जैसे' के अर्थ में हुआ है, संभावना **नहीं** व्यक्त की गई है।)	1
(iii)	उपमा अलंकार	1
(iv)	अतिशयोक्ति अलंकार	1
(v)	रूपक अलंकार	1
	[खंड - ग] (पाठ्य-पुस्तक और पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित)	**30**
7.	पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	5
(i)	(D) अपनी प्रेयसी की यादों को।	1
(ii)	(C) अंतर्मन के लिए	1
(iii)	(A) कथन (I) और (II) सही हैं।	1
(iv)	(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है।	1
(v)	(B) वे बहुत सरल थे, उनको अहंकार नहीं था।	1
8.	निर्धारित कविताओं के आधार पर चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	6
(i)	परीक्षार्थी कविता के आधार पर कोई **दो** उपयुक्त बिंदु लिखेंगे- • कृष्ण द्वारा प्रेम-संदेश के स्थान पर योग-संदेश भेजना • कृष्ण आगमन की आशा धूमिल होना • विरह व्यथा का बढ़ जाना	2

	(अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) --- * कविता के आधार पर गोपियों के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(ii)	दिए गए प्रश्न का सीधा उत्तर 'राम-लक्ष्मण परशुराम संवाद' के उस पद से है, जो वर्तमान में पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है; यद्यपि यह प्रश्न पाठ्यपुस्तक के प्रश्न-अभ्यास में दिया गया है। अत: परीक्षार्थियों ने यदि पाठ के आधार पर इस प्रश्न का उत्तर देने का प्रयास किया है तो उनके हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें **पूरे अंक** दिए जाएँ। (2 अंक)	2
(iii)	परीक्षार्थी कविता के आधार पर कोई **दो** उपयुक्त बिंदु लिखेंगे- • सामाजिक परिवर्तन और बदलाव के लिए • शोषित-पीड़ित जनता के कल्याण के लिए • नवनिर्माण के लिए • गर्मी से मुक्ति के लिए (अन्य उपयुक्त कारण भी स्वीकार्य) * कोई दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) --- * कविता के आधार पर बादलों के गरजने के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(iv)	परीक्षार्थी कविता के आधार पर प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **<u>अर्थ</u>** : • मुख्य गायक के साथ गानेवाला • मुख्य गायक के साथ वाद्य यंत्र बजानेवाला • सहयोगी; (कोई **एक** बिंदु अपेक्षित) **<u>भूमिका :</u>** • गायन में साथ देना	2

	• उत्साह को बनाए रखना • अकेलेपन का अहसास न होने देना • अनहद में खो जाने पर स्थायी को सँभाले रखना • स्वर को बिखरने से पहले ही सँभाल लेना • मुख्य गायक के अनुकूल प्रभावपूर्ण वातावरण बनाना (कोई **तीन** बिंदु अपेक्षित) * प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½ +1½ = 2 अंक) --- * पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए तीन बिंदु लिखने पर अथवा पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर (1.5 अंक) --- * पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर अथवा पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने पर (1 अंक) --- * पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने पर अथवा पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
9.	पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	5
(i)	(D) पारिवारिक परंपरा के अनुसार लड़कों को बाहर खेलने की स्वतंत्रता थी।	1
(ii)	(D) लड़कियों के लिए उस समय घर के बाहर की दुनिया सीमित थी।	1
(iii)	(A) कथन (I) और (II) सही हैं।	1
(iv)	(B) हम संकुचित और असहाय हो गए हैं।	1
(v)	(C) कथन और कारण दोनों सही हैं और कारण, कथन की सही व्याख्या है।	1
10.	निर्धारित गद्य पाठों के आधार पर चार प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	6
(i)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न के **दोनों** हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- असली चश्मा;	2

	<u>कारण</u> : • मूर्तिकार द्वारा पत्थर का चश्मा बनाना भूल जाना • अच्छे मूर्तिकार की जानकारी का अभाव • बजट कम होना • समयाभाव • जल्दबाजी में पत्थर के चश्मे का टूट जाना/ सही से न बन पाना • चश्मे का बाद में निकल जाना (कोई **तीन** बिंदु अपेक्षित) * प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½ +1½ = 2 अंक) --- * पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए तीन बिंदु लिखने पर अथवा पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर (1.5 अंक) --- * पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए दो बिंदु लिखने पर अथवा पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने पर (1 अंक) --- * पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने पर अथवा पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे हिस्से के लिए उत्तर न लिखने पर **या** गलत लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(ii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर प्रश्न के दोनों हिस्सों के लिए उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **वाद्य-यंत्रों के नाम** : खँजड़ी और करताल; **गति** : • एक निश्चित ताल से स्वर का ऊपर होते जाना • सबके तन और मन का नृत्यशील हो उठना * प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (½+½ +1=2 अंक) --- * पहले हिस्से के लिए केवल एक बिंदु और दूसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1.5 अंक) ---	2

	* केवल एक हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * पहले हिस्से के लिए एक बिंदु लिखने पर अथवा प्रश्न के संदर्भ में पाठ से बालगोबिन भगत के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(iii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर **दो** बिंदुओं में उपयुक्त **स्वतंत्र** उत्तर लिखेंगे, **जैसे**- • दिखावा करने वाले • सामंती समाज के प्रतीक • नवाबी अकड़ से भरे हुए • जीवन-शैली की कृत्रिमता • नज़ाकत-नफ़ासत पसंद (अन्य उपयुक्त बिंदु भी स्वीकार्य) * दो उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1+1=2 अंक) --- * केवल एक उपयुक्त बिंदु लिखने पर (1 अंक) --- * पाठ के आधार पर नवाब साहब के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	2
(iv)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे, **जैसे**- • कस्तूरी मृग : अपनी सुगंध के स्रोत से अनभिज्ञ होते हुए उसकी तलाश में रहते हैं; • बिस्मिल्ला खाँ : सुरों और संगीत के श्रेष्ठ ज्ञाता होते हुए भी आजीवन सच्चे सुरों की तलाश * पर्याप्त विस्तार सहित उपयुक्त उत्तर लिखने पर (2 अंक) --- * संक्षेप में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * प्रश्न के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (0.5 अंक) ---	2

	* असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
11.	पूरक पाठ्य-पुस्तक पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :	8
(i)	प्रश्न के पहले हिस्से के लिए परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **भोलानाथ का अपनी माँ के आँचल में छिपने का कारण :** ● ममता और भावनात्मक जुड़ाव ● सुरक्षा की भावना ● माँ से निकटता और आत्मीयता; प्रश्न के दूसरे और तीसरे हिस्से के लिए परीक्षार्थी अपने **अनुभवों के आधार पर कारण सहित** उपयुक्त स्वतंत्र उत्तर लिखेंगे, **जैसे**- **किसके पास :** निकट और आत्मीय व्यक्ति जैसे- माता,पिता,दादा,दादी,नाना,नानी,भाई,बहन इत्यादि **क्यों :** ● भावनात्मक लगाव ● सुरक्षा का भाव * प्रश्न के तीनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (2+1+1= 4 अंक) --- * प्रश्न के पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर और दूसरे **अथवा** तीसरे हिस्से का सही उत्तर लिखने पर अथवा प्रश्न के पहले हिस्से का संक्षिप्त उत्तर और दूसरे और तीसरे हिस्से का सही उत्तर लिखने पर (3 अंक) --- * प्रश्न के पहले हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने और दूसरे और तीसरे हिस्से का उत्तर न लिखने पर अथवा प्रश्न के पहले हिस्से का उत्तर न लिखने **या** गलत लिखने और दूसरे और तीसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (2 अंक) --- * प्रश्न के संदर्भ में पाठ से भोलानाथ और उसकी माँ के विषय में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर अथवा प्रश्न के दूसरे **अथवा** तीसरे हिस्से का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	4
(ii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे-	4

	• संपूर्ण भारत में लोगों की आस्थाएँ, विश्वास, अंधविश्वास और पाप-पुण्य के बारे में सोच एक समान • वैज्ञानिक विकास एवं प्रगति के बावजूद लोगों में पाप-पुण्य की अवधारणाएँ विद्यमान • भारतीय संस्कृति की शाश्वतता और अक्षुण्णता की अनुभूति * पर्याप्त विस्तार सहित **एक** बिंदु में उपयुक्त उत्तर लिखने पर (4 अंक) --- * उपयुक्त परंतु संक्षिप्त उत्तर लिखने पर (3 अंक) --- * पाठ के आधार पर **प्रश्न** के संदर्भ में थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (2 अंक) --- * पाठ के आधार पर थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --- *असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	
(iii)	परीक्षार्थी पाठ के आधार पर उपयुक्त उत्तर लिखेंगे- **आभ्यंतर विवशता :** • मन में उत्पन्न तीव्र संवेदनात्मक आंतरिक अनुभूति और व्याकुलता **बाहरी कारक :** • संपादकों का आग्रह • प्रकाशक का दबाव • आर्थिक विवशता/दायित्व * प्रश्न के दोनों हिस्सों का उपयुक्त उत्तर लिखने पर (1+1+1+1= 4 अंक) --- * कोई तीन बिंदु लिखने पर (3 अंक) --- * कोई दो बिंदु लिखने पर (2 अंक) --- * कोई एक बिंदु लिखने **अथवा** प्रश्न के संदर्भ से थोड़े-बहुत वाक्य लिखने पर (1 अंक) --- * असंगत या निरर्थक उत्तर लिखने पर (0 अंक)	4
	[खंड - घ] (रचनात्मक लेखन)	**20**

12. (i) अथवा (ii)	किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन **अथवा** संदेश लेखन अपेक्षित : **विज्ञापन-लेखन :** • रचनात्मकता = 1 अंक • विषयवस्तु = 2 अंक • समग्र प्रभाव = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक प्रस्तुति पर पूरे अंक दिए जाएँ। • भाषा प्रयोग/प्रस्तुति; दोनों स्तरों पर रचनात्मकता के प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • विज्ञापन में आकर्षक भाषिक प्रयोग के उद्देश्य से अन्य भाषाओं के शब्दों का प्रयोग स्वीकार्य है। • विज्ञापन-लेखन में रंगों और चित्रों का प्रयोग अनिवार्य नहीं है। इसके लिए अंक न काटे जाएँ। **संदेश-लेखन :** • प्रारूप = 1 अंक • विषयवस्तु = 2 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक प्रस्तुति पर पूरे अंक दिए जाएँ। • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ। • प्रारूप में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (संबोधन, दिनांक आदि के दाएँ/बाएँ होने आदि के आधार पर अंक न काटे जाएँ।) • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।	4
13.	किसी **एक** विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लेखन अपेक्षित :	6

	अनुच्छेद-लेखन • भूमिका = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • निष्कर्ष = 1 अंक • भाषा शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • दिए गए संकेत बिंदुओं को शामिल करते हुए यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और रचनात्मक भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।	
14. (i) अथवा (ii)	किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन अपेक्षित : **पत्र-लेखन :** • प्रारूप (आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ) = 1 अंक • विषयवस्तु = 3 अंक • भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** • उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ। • प्रारूप और आरंभ-अंत की औपचारिकताओं में किसी तरह का रूढ़ बंधन तय नहीं किया जाए। (पता, दिनांक आदि के दाएँ/बाएँ होने, सेवा में आदि के आधार पर अंक न काटे जाएँ।) • यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। • प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। • सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। • भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।	5
15.	किसी **एक** विषय पर लगभग 80 शब्दों में स्ववृत्त **अथवा** ई-मेल लेखन अपेक्षित :	5

(i) अथवा (ii)	**स्ववृत्त-लेखन :** ● प्रारूप = 1 अंक ● विषयवस्तु = 3 अंक ● भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** ● व्यक्तिगत जानकारी, शैक्षणिक योग्यताएँ आदि को शामिल कर यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। ● भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है। ● सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ।प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर ● शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। **ई-मेल लेखन :** ● प्रारूप = 1 अंक ● विषयवस्तु = 3 अंक ● भाषा-शुद्धता = 1 अंक **विशेष निर्देश :** ● उपयुक्त प्रारूप होने पर ही अंक दिए जाएँ। ● यथोचित विषय-वस्तु, स्तरीय और उपयुक्त भाषा प्रयोग पर पूरे अंक दिए जाएँ। ● प्रस्तुतीकरण प्रभावी और उपयुक्त होने पर शब्द-सीमा के उल्लंघन पर अंक न काटे जाएँ। ● सामान्य अशुद्धियों पर अंक न काटे जाएँ। ● भाषा में बहुत अधिक अशुद्धियाँ होने पर ही अधिकतम एक अंक काटा जा सकता है।	